# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 26 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 30

# एनसीईआरटी की पुस्तकों में अब इंडिया की जगह लिखा जाएगा भारत

**कमेटी ने सिलेबस में क्लासिकल हिस्ट्री शामिल करने का सुझाव भी दिया**




**नई दिल्ली ।** एनसीईआरटी की स्कूली पाठ्य पुस्तकों में अब इंडिया नहीं दिखेगा। इन पुस्तकों में इंडिया के स्थान पर भारत लिखा जाएगा। एनसीईआरटी की एक उच्च स्तरीय समिति ने इंडिया के स्थान पर भारत लिखे जाने की सिफारिश की थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है। यह सिफारिश एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को संशोधित करने के लिए गठित प्रोफेसर 'सीआई आईजैक' की अध्यक्षता वाली समिति ने की थी।

सिफारिश के मुताबिक प्राथमिक से लेकर हाई-स्कूल स्तर तक स्कूली पाठ्यपुस्तकों में देश का नाम इंडिया नहीं, बल्कि भारत होना चाहिए। समिति ने यह भी सिफारिश की है कि भारतीय इतिहास में प्राचीन, मध्ययुगीन और आधुनिक के रूप में अवधि का वर्गीकरण चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए। एनसीईआरटी की इस समिति का तर्क है कि प्राचीन शब्द की बजाए पुस्तकों में शास्त्रीय या फिर क्लासिकल शब्द का उपयोग होना चाहिए।

सीआई आईजैक के मुताबिक, पैनल ने सर्व समिति से इंडिया शब्द की जगह भारत इस्तेमाल करने का प्रस्ताव किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक यह प्रस्ताव कुछ दिन पहले रखा गया था। इसे स्वीकार किए जाने के उपरांत एनसीईआरटी की नई किताबों में 'इंडिया' की जगह 'भारत' मुद्रित किया जाएगा।

इस सात सदस्यीय समिति की सिफारिश में सामाजिक विज्ञान के फाइनल पोज़ीशन पेपर में, जो कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों की नींव रखने वाला एक प्रमुख दस्तावेज है, उसमें इसका ज़िक्र किया गया है। इसी वर्ष पद्मश्री से सम्मानित, आईजैक के मुताबिक समिति ने विशेष रूप से सिफारिश की है कि स्कूली छात्रों को पाठ्य पुस्तकों में इंडिया के बजाय भारत नाम पढ़ाया जाए।

उन्होंने कहा कि भारत नाम का उल्लेख विष्णु पुराण में है। यही नहीं कालिदास ने भारत नाम का प्रयोग किया है। यह एक सदियों पुराना नाम है जबकि इंडिया नाम बहुत बाद में तुर्कों, अफगानों और यूनानियों के आक्रमण के बाद आया। आइज़ैक ने कहा कि 12वीं कक्षा तक की सभी पाठ्य पुस्तकों में केवल भारत नाम का ही उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मौजूदा पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तकें में इतिहास में हुई लड़ाइयों में हिंदू हार पर बहुत अधिक जोर देती हैं। जबकि, हिंदू जीत का उल्लेख नहीं किया गया है। हमारी पाठ्य पुस्तकें हमारे छात्रों को यह क्यों नहीं सिखाती कि मुहम्मद गोरी को भारतीय आदिवासियों ने उस समय मार डाला था, जब वह भारत को लूटने के बाद लौट रहा था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी तर्क दिए की कोलाचेल की लड़ाई (त्रावणकोर साम्राज्य बनाम डच ईस्ट इंडिया कंपनी) हमारी पाठ्य पुस्तकों से लापता है। साथ ही यह प्रश्न ही किया जा रहा है कि एनसीईआरटी की स्कूली पाठ्य पुस्तकों में आपातकाल के बारे में विस्तार से क्यों नहीं पढ़ाया जाता।

# फिरोजपुर से रवाना हुई पातालकोट एक्सप्रेस में भीषण आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान



**दो बोगियां जलकर खाक**

**आगरा (आरएनएस)।** पंजाब के फिरोजपुर से मध्य प्रदेश के सिवनी जा रही 14624 पातालकोट एक्सप्रेस में आगरा जिले के मलपुरा क्षेत्र स्थित भाड़ई रेलवे स्टेशन के पास बुधवार दोपहर आग लग गयी। इस हादसे में कुछ यात्रियों के झुलसने की सूचना है।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार आगरा-ग्वालियर रेल मार्ग पर पंजाब के फिरोजपुर से मध्य प्रदेश के सिवनी जा रही पातालकोट एक्सप्रेस (14624) में आग लग गई। जानकारी के अनुसार, इस आग के कारण दो बोगियां जलकर राख हो गई है।

ट्रेन की बोगियों से आग की लपटें उठती दिखाई दीं। हादसे के बाद अफरातफरी मच गयी और यात्रियों ने कूद कर अपनी जान बचायी। हादसे में कुछ यात्रियों के झुलसने की सूचना मिली है हालांकि अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मौके पर रेलवे के अधिकारी और फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां पहुंच गई हैं।

ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। आनन-फानन थाना पुलिस और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) भी पहुंच गई है। आग बुझाने में सभी कड़ी मशक्कत कर रहे हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सागर में दो कारों में सीधी भिड़ंत : 4 मौत

**सागर (आरएनएस)।** सागर के जरूआखेड़ा के रहने वाले रामजी बरोलिया कार से अपने परिचीत सोनू रजक के साथ खुरई ओर से अपने गांव जरूआखेड़ा आ रहे थे। वहीं सागर से आ रही दूसरी कार में खुरई के रहने वाले सचदेव अपनी पत्नी सरिता, बेटी ममता और ड्राइवर राहुल के साथ खुरई जा रहे थे। इसी दौरान ठाकुर बाबा मंदिर के पास दोनों कारों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस हादसे में रामजी बरोलिया और दूसरी कार में सवार राहुल और ममता की मौत हो गई जबकि अन्य घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उनका इलाज जारी है।

### तमिलनाडु में दर्दनाक हादसा: ट्रेन की चपेट में आने से बोलने-सुनने में अक्षम तीन किशोरों की मौत

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के चेन्नई में उपनगरीय उरापक्कम में बोलने और सुनने में अक्षम तीन बच्चे रेलवे ट्रैक पार करते समय एक ईएमयू ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे तीनों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सभी लडक़े कर्नाटक के रहने वाले थे और अपने रिश्तेदारों के घर पूजा की छुट्टियों के लिए चेन्नई आए थे। ये तीनों बच्चे वंडालूर चिडिय़ाघर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान जे. सुरेश (15), उनके भाई रवि (12) और मंजूनाथ (11) के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि ये किशोर छुट्टियों में अपने चाचा के घर आए थे। चाचा का घर रेलवे ट्रैक से कुछ गज की दूरी पर स्थित है। ये तीनों किशोर वंडालूर चिडिय़ाघर जाने के लिए ट्रेन पकडऩे जा रहे थे। रेलवे ट्रैक पार करते समय ये तीनों चेन्नई बीच-चेंगलपट्टू ईएमयू ट्रेन की चपेट में आ गए। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) तांबरम पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए क्रोमपेट सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया।

### गुजरात में केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 60 से अधिक टैंकर जलकर खाक

**अरावली (आरएनएस)।** गुजरात के अरावली जिले में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से 60 से अधिक टैंकर जलकर खाक हो गए। अनुसार के मुताबिक, अरावली जिले में स्थित केमिकल फैक्ट्री में आग आज सुबह लगी है। केमिकल फैक्ट्री में लगी आग इतनी भीषण है कि इसकी लपटें दूर से ही दिखाई दे रही है। बता दें कि फैक्ट्री में रखे केमिकल से भरे 60 से अधिक टैंकर जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। फिलहाल आग बुझाने के लिए दमकल की 10 गाडिय़ां मौके पर मौजूद हैं। मामले में अधिक जानकारी की प्रतिक्षा है।

### ग्रेप2 और प्रदूषण के चलते डीएमआरसी का बड़ा ऐलान, आज से 40 फेरे अतिरिक्त लगाएगी दिल्ली मेट्रो

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी की हवा ने सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। हालांकि एयर क्वालिटी में सुधार लाने और प्रदूषण को कम करने के लिए केजरीवाल सरकार ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के दो चरणों को लागू कर रखा है। ग्रेप के दूसरे चरण के लागू होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो इसके लिए दिल्ली मेट्रो ने बड़ा कदम उठाया है। डीएमआरसी ने मंगलवार को बताया कि बुधवार यानी कि आज से दिल्ली मेट्रो वीकडेज पर रोज 40 अतिरिक्त फेरे लगाया करेगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने ट्वीट कर बताया, 'ग्रैप-2 फेज के तहत प्रदूषण से लडऩे के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से उठाए गए तमाम कदमों के तहत डीएमआरसी वीकडेज (सोमवार-शुक्रवार) पर अपने सभी नेटवर्क पर बुधवार यानी कि आज से 40 अतिरिक्त फेरे लगाएगी।' डीएमआरसी ने यह फैसला राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण को कम करने के लिए लागू किए गए ग्रैप-2 के तहत उठाए गए कदमों के तहत लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आम तौर पर दिल्ली मेट्रो हर दिन 4300 से ज्यादा फेरे लगाती है।

# हैवानियत : जमीन विवाद को लेकर युवक को 8 बार ट्रैक्टर से कुचला



**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान में भरतपुर जिले के बयाना सदर थाना इलाके के अड्डा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के झगड़े में ट्रैक्टर से 8 बार कुचलकर एक व्यक्ति की हत्या कर देने का मामला सामने आया है। युवक को ट्रैक्टर से कुचलने का वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में साफ दिख रहा है कि ट्रैक्टर से एक युवक नीचे पड़े शख्स पर कम से कम 8 बार ट्रैक्टर चढ़ा देता है। वीडियो में आरोपी ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करते हुए साफ नजर आ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस झगड़े में ट्रैक्टर से कुचल कर निरपत गुर्जर (30) की आज सुबह हत्या कर दी गई। सदर थाना बयाना तथा पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। सदर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

इस घटना के बाद पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को स्थिति पर कड़ी नजर रखने के दिये निर्देश दिए हैं। उन्होंने हत्या के आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि गांव के बहादुर और अतर सिंह के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

# राशन वितरण घोटाले में बड़ा अपडेट, ईडी ने गिरफ्तार कारोबारी की 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति का पता लगाया




**कोलकाता (आरएनएस)।** ईडी के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में हाल ही में गिरफ्तार किए गए कोलकाता के व्यवसायी बकीबुर रहमान की 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का पता लगाया है।

एजेंसी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि रहमान, उनके परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और करीबी सहयोगियों के नाम पर पंजीकृत कुल 95 संपत्तियों का ईडी के अधिकारियों ने पता लगाया है। इन संपत्तियों का संयुक्त मूल्य 100 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

जांच से यह भी पता चला है कि जो संपत्तियां परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और करीबी सहयोगियों के नाम पर पंजीकृत थी, उसके पीछे वास्तविक निवेश रहमान ने ही किया था। हालांकि, सूत्रों ने कहा है कि रहमान ने अभी तक ऐसी संपत्तियों और परिसंपत्तियों के पीछे निवेश किए गए धन के स्रोतों के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया है।

संपत्तियों और परिसंपत्तियों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में फैले कई भूखंडों में लगभग 51 एकड़ जमीन शामिल है और जिनमें से अधिकांश मुर्शिदाबाद और उत्तर 24 परगना जिले में हैं। संपत्ति में रहमान के नाम पर पंजीकृत कुल 7,000 वर्ग फुट के नौ आवासीय फ्लैट भी शामिल हैं।

इसके अलावा, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने रहमान के स्वामित्व वाले एक होटल, एक हाई-एंड बार-कम-रेस्तरां और तीन चावल-मिलों का भी पता लगाया है। इसके अलावा ईडी ने दुबई में दो हाई-एंड आवासीय फ्लैटों का भी पता लगाया है जो रहमान के नाम पर पंजीकृत हैं।

ईडी के अधिकारियों को इस बात के पक्के सबूत मिले हैं कि कारोबारी ने इन विदेशी संपत्तियों को खरीदने के लिए हवाला का रास्ता अपनाया था। हालांकि ये वे संपत्तियां हैं जो सामने आई हैं, ईडी के अधिकारियों का मानना है कि और भी ऐसी संपत्तियां हैं जो अभी सामने आनी बाकी हैं।

केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को इस बात के भी सुराग मिले हैं कि रहमान आय को इधर-उधर करने के लिए अपनी पत्नी और साले के बैंक खातों का इस्तेमाल कर रहा है। जांच अधिकारियों ने इन खातों से बेहद कम अंतराल में कई इनवर्ड और आउटवर्ड धन का पता लगाया है।

**केंद्रीय कैबिनेट का फैसला**

# भारत-जापान सेमीकंडक्टर साझेदारी पर समझौते को दी मंजूरी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय कैबिनेट ने जापान-भारत सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के बीच सहयोग ज्ञापन (एमओसी) को मंजूरी दे दी है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में ये बात कही गई।

एमओसी पर इस साल जुलाई में हस्ताक्षर किए गए थे। यह उद्योगों और डिजिटल प्रौद्योगिकियों की प्रगति के लिए सेमीकंडक्टर के महत्व को पहचानते हुए इसकी आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने की दिशा में भारत और जापान के बीच सहयोग को मजबूत करने के इरादे से पांच साल तक लागू रहेगा। मजबूत सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को आगे बढ़ाने और पूरक शक्तियों का लाभ उठाने के अवसरों पर जी2जी और बी2बी दोनों सहयोग पर जोर दिया जाएगा।

एमओसी में आईटी के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर सहयोग की परिकल्पना की गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए मंत्रालय सक्रिय रूप से काम कर रहा है। भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए कार्यक्रम एक मजबूत और टिकाऊ सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले ईकोसिस्टम के विकास को सुनिश्चित करने के मकसद से शुरू किया गया था।

मंत्रालय को द्विपक्षीय और क्षेत्रीय ढांचे के तहत सूचना प्रौद्योगिकी के उभरते और अग्रणी क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का भी काम सौंपा गया है।भारतीय कंपनियों के बीच सेमीकंडक्टर संबंधी व्यापार के अवसरों को बढ़ाने के लिए यह एक और कदम है। दोनों देशों के बीच तालमेल और पूरकता को देखते हुए, अक्टूबर 2018 में पीएम मोदी की जापान यात्रा के दौरान भारत-जापान डिजिटल पार्टनरशिप लॉन्च की गई थी। जापान-भारत सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी पर यह एमओसी इलेक्ट्रॉनिक्स ईकोसिस्टमके क्षेत्र में सहयोग को और व्यापक और गहरा करेगा।

# आदि कैलाश के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की टैक्सी गहरी खाई में गिरी, छह की मौत



**पिथौरागढ़ (आरएनएस)।** पिथौरागढ़ की धारचूला तहसील के लखनपुर इलाके के पांगला में बड़ा सडक़ हादसा हो गया। हादसे में आदि कैलाश दर्शन से लौट रही टैक्सी गहरी खाई में गिर गई। टैक्सी में ड्राइवर समेत छह लोग सवार थे, जिनकी मौत हो गई है। पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम देर रात तक सभी यात्रियों की तलाश में लगी रही, लेकिन भारी बारिश और लैंडस्लाइड के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन को रोकना पड़ा।

बुधवार सुबह से एसडीईआरएफ की टीम दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन दोबारा से शुरू कर दी है। यह हादसा धारचूला-लिपुलेख मार्ग पर लखनपुर के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि टैक्सी अचानक अनियंत्रित होकर सीधे खाई में जा गिरी। बोलेरो कार में बेंगलुरू के लोग सवार थेय़

पिथौरागढ़ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालु आदि कैलाश के दर्शन कर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि अंधेरा होने और विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण रात को शवों की बरामदगी का काम शुरू नहीं हो पाया। उत्तराखंड पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम को श्रद्धालुओं के शव तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला।

# अमेरिका में बढ़ाया देश का मान : भारतीय मूल के दो वैज्ञानिकों को मिला नेशनल अवार्ड



**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस में एक समारोह में दो भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिकों सुब्रा सुरेश और अशोक गाडगिल को विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार के क्षेत्र में उनके अग्रणी योगदान के लिए राष्ट्रीय पदकों से सम्मानित किया है। बाइडेन ने सदन के ईस्ट रूम में समारोह में टिप्पणी में कहा, हम अमेरिका को महान विज्ञान लौटाने के लिए दृढ़ हैं।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष पुरस्कार पाने वालों के लिए 'उत्कृष्ट' शब्द छोटा पड़ सकता है। वे असाधारण हैंज् उन्होंने हमारे देश की पूरी क्षमता को उजागर करने के लिए अन्य वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों की एक पीढ़ी के लिए अपनी खोजों को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया है। उच्च शिक्षा, उद्योग और सरकार में दशकों के प्रभावशाली नेतृत्व के साथ एक वैज्ञानिक और इंजीनियर सुरेश उन नौ प्राप्तकर्ताओं में से थे जिन्हें राष्ट्रीय विज्ञान पदक से सम्मानित किया गया है।

ब्राउन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में बड़े प्रोफेसर और नेशनल साइंस फाउंडेशन के पूर्व निदेशक, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सुरेश को इंजीनियरिंग, भौतिकी विज्ञान और जीव विज्ञान में अग्रणी शोध के लिए सम्मानित किया गया। व्हाइट हाउस के एक बयान में सुरेश को परिवर्तनकारी शिक्षक बताते हुए कहा गया कि सीमाओं के पार अनुसंधान और सहयोग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने प्रदर्शित किया है कि विज्ञान कैसे लोगों और राष्ट्रों के बीच समझ और सहयोग पैदा कर सकता है। ब्राउन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा जारी एक बयान में सुरेश ने कहा, यह बहुत संतोषजनक है।

उन्होंने कहा, यही कारण नहीं है कि आप विज्ञान करते हैं। आप इसे पुरस्कार के लिए नहीं करते हैं, आप इसे आनंद के लिए करते हैं। अगर कोई इसे नोटिस करता है, तो यह सोने पर सुहागा है, लेकिन यह अपने-आप में केक ही नहीं है। हालाँकि, इस विशेष संदेश का महत्व इसलिए बढ़ गया है क्योंकि यह अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से है। यह राष्ट्रीय है। इस पर अमेरिका की मुहर लगी है। सन् 1956 में भारत में जन्मे सुरेश ने 15 साल की उम्र में हाई स्कूल की परीक्षा पास की। अगले 10 साल में उन्होंने स्नातक डिग्री, मास्टर डिग्री और पीएचडी हासिल कर ली। उन्होंने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में केवल दो वर्षों में पीएचडी अर्जित की।

दुनिया भर के समुदायों को जीवन-निर्वाह संसाधन प्रदान करने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय बर्कले और लॉरेंस बर्कले राष्ट्रीय प्रयोगशाला के अशोक गाडगिल को प्रौद्योगिकी एवं नवाचार का राष्ट्रीय पदक प्रदान किया गया। व्यापक रूप से मानवतावादी आविष्कारक माने जाने वाले गाडगिल यह सम्मान पाने वाले 12 पुरस्कार विजेताओं में से एक हैं।

व्हाइट हाउस ने कहा, उनकी नवीन, सस्ती प्रौद्योगिकियां पीने के पानी से लेकर ईंधन-कुशल कुकस्टोव तक की गहन जरूरतों को पूरा करने में मदद करती हैं। उनका काम सभी लोगों की गरिमा और हमारे समय की बड़ी चुनौतियों को हल करने की हमारी शक्ति में विश्वास से प्रेरित है। कांग्रेस द्वारा 1959 में स्थापित राष्ट्रीय विज्ञान पदक सीधे राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है। यह देश द्वारा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को प्रदान की जाने वाली सर्वोच्च मान्यता है। अमेरिका के आर्थिक, पर्यावरण और सामाजिक कल्याण में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पदक दिया जाता है।